an>

Title : Need to construct Community Halls named after 'Birsa Munda'.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदौली) : मैं माननीय जनजातीय विभाग मंत्री जी का ध्यान बहु उद्देशीय सामुदायिक भवन की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । ज्यादातर देखा गया है कि जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में सामुदायिक भवन नहीं हैं । जन जाति समाज के लोग आर्थिक रूप से सम्पन्न नहीं हैं, ऐसे में वे अपना सामाजिक खर्च वाहन करने में असमर्थ होते हैं । उन्हें अपने सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक तथा व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । मैं गुजरात के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र से आता हूँ, इसलिए ऐसी समस्याओं से अवगत हूँ ।

मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सूरत और तापी जिला सहित गुजरात और पूरे देश के आदिवासी बाहुल्य जिलों में कम से कम 5 करोड़ रुपये की लागत से बिरसा मुंडा के नाम से सामुदायिक भवन के निर्माण का प्रावधान किया जाए ।